श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड-२४९१९९
Sri Dev Suman Uttarakhand University
Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199

पत्रांकः– 2187/एसडीएसयूवी/प्रशासन/2023 दिनांकः 22 जून, 2023

प्रेस विज्ञप्ति / सूचना

उत्तराखण्ड शासन द्वारा श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल के शैक्षणिक सत्र 2023–24 की विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण प्रारम्भ कर दिये गये हैं। पंजीकरण हेतु अभ्यर्थियों को उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट https://ukadmission.samarth.ac.in के माध्यम से रू0 50.00 ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा पंजीकरण शुल्क जमा करने के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा वैबसाईट में लॉग–इन करके पंजीकरण आवेदन पत्र जमा करना होगा। अभ्यर्थी विभिन्न स्नातक परम्परागत पाठ्यक्रमों/व्यवसायिक पाठ्यक्रमों, जहाँ पर प्रवेश हेतु अर्हता इण्टरमीडिएट निर्धारित की गयी है के प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण कर सकेंगे। अभ्यर्थी को प्रत्येक परिसर/महाविद्यालय / संस्थान तथा प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु पृथक–पृथक पंजीकरण आवेदन पत्र भरना होगा। प्रत्येक अभ्यर्थी को पंजीकरण शुल्क केवल एक ही बार जमा करना होगा। चूंकि समस्त बोर्डो द्वारा इन्टरमीडिएट कक्षाओं के परीक्षाफल घोषित किये जा चुके हैं। अतः श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल की स्नातक कक्षाओं (बी० ए०, बी०एस0सी०, बी० कॉम० तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रम जहाँ पर प्रवेश हेतु अर्हता 10+2 निर्धारित है) के प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु पंजीकरण किये जाने हेतु अन्तिम तिथि 24 जून, 2023 निर्धारित की जा रही है। समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश लेने में सभी छात्र छात्राओं के प्रवेश में एकरूपता होगी तथा इसके अच्छे परिणाम छात्रों को मिलेंगे। सभी छात्र–छात्रायें उक्त पोर्टल के माध्यम से प्रवेश करायें और लाभान्वित हों। छात्र–छात्रायें अपने निकटवर्ती जनसेवा केन्द्र (CSC) के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं।

अन्तिम तिथि के उपरान्त स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु पंजीकरण करवाया जाना सम्भव नहीं होगा विस्तृत जानकारी उत्तराखण्ड शासन की वैबसाईट https://ukadmission.samarth.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

(खेमराज भट्ट),
कुलसचिव।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक, दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, शाह टाइम्स, दैनिक भास्कर, समाचार पत्रों को इस आशय से कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को छात्र–हित में मध्यनजर रखते हुये अपने सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने का करें।
2. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
3. नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल।
4. कार्यालय प्रति।

(खेमराज भट्ट),
कुलसचिव।

E:\Rawat\Office Work\Forwording